(ख) क्या विभिन्न स्थानों पर रेडियो स्टेशनों की स्थापना स्थानीय जनता की रुचि को ध्यान में रख कर और आम लोगों के लाभ के लिए की जाती है

(ग) क्या यह भी सच है कि मध्य प्रदेश को इस सुविधा से वंचित रखा गया है ,

(घ) क्या नामच मे रेडियो स्टेशन की स्थापना की माग की गई है , और

(ड) यदि हा, तो सरकार ने उस पर क्या कार्यवाही की है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी, नही । मध्य प्रदेश के 9 स्टेशनों मे से एक उच्च शक्ति वाला ट्रासमीटर और अन्य मीडियम शक्तिवाले ट्रासमीटर है । इस समय राज्य की आबादी के 86 प्रतिशत लोगों को प्राथमिक ग्रेड दिन के समय की सेवा उपलब्ध है ।

(ख) जी, हा ।

(ग) जी, नही ।

(घ जी, नही । नीमच सहित पूरा मन्दसौर जिला इन्दौर मे उच्च शक्ति वाले ट्रासमीटर के मीडियम वेव द्वारा भली प्रकार से कवर होता है ।

(ड) प्रश्न नही उठता ।

आकाशवाणी के केन्द्रों के लिए सलाहकार समितियां

7389. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न आकाशवाणी केन्द्रों का सुचारू कार्यकरण सुनिश्चित करने के लिए सलाहकार समितियों का गठन किया जाता है अथवा वे विद्यमान हैं , और

(ख) यदि हा, तो इन्दौर और भोपाल के लिए ऐसी समितिया कब गठित की गयी और उनके सदस्यों के नाम क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख) सलाहकार समितिया भोपाल, कालीकट, जम्मू, जलंधर तिचूर और त्रिवेन्द्रम मे गठित की गई हैं । भोपाल मे सलाहकार समिति 21–2–1979 को गठित की गई थी । सदस्यों के नाम सलग्न विवरण में दिये गये है । आकाशवाणी इन्दौर की सलाहकार समिति अभी गठित नही की गई है ।

विवरण

1. श्री राजेन्द्र मल्होत्रा
2. श्री के० पी० नारायण
3. डा० रवि प्रकाश माथुर
4. प्रो० ए० सी० मनोचा
5. श्री अब्दुल कावी दासनवी
6. डा० चन्द्र प्रकाश वर्मा
7. श्रीमती सरोज लालवानी
8. श्री सवाई सिह सिसौदिया संसद सदस्य
9. श्री मिश्री लाल तिवारी
10. श्री यशवन्त अरगारे
11. डा० श्रीमती सुशीला पोहानकर
12. श्री राघवजी, संसद सदस्य
13. डा० चांद नारायण हस्कर
14. श्री माधव शंकर इन्द्रापुरकर, सदस्य, विधान सभा